बरेली, मंगलवार
26 अक्टूबर, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण

PAGE NO. 10, BOTTOM

नृत्यनाटिका के मंचन से जीवंत हो उठा मंच

जासं, बरेली: एसआरएमएस रिद्धिमा में छह दिवसीय थिएटर वर्कशाप का सोमवार को समापन हुआ। इसमें प्रशिक्षण देने आईं भारतेंदु नाट्य अकादमी की माडर्न थिएटर की प्रोफेसर चित्रा मोहन को एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। चित्रा मोहन ने भविष्य में ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन पर जोर दिया।

रिद्धिमा 19 अक्टूबर से शुरू हुई थिएटर वर्कशाप में 25 छात्रों ने हिस्सा लिया। इसमें बाडी मूवमेंट्स, आवाज, शब्द उच्चारण, अभिनय, मेकअप, साउंड और लाइट, ग्रीक रंगमंच, पारसी थिएटर, इम्प्रूवाइजेशन आदि विषयों पर जानकारी दी गई। चित्रा मोहन ने आंगिक, वाचिक, आंगिक, आहार्य जैसे सारे तत्वों का समावेश कर एक नाटिका तैयार की। प्रतिभागियों ने इस नृत्यनाटिका का मंचन किया। अम्बुज कुकरेती, अजय चौहान, अम्बाली प्रहराज, देवज्योति नास्कर, रियाश्री चटर्जी, संजय बिष्ट जैसे गुरुजनों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। समापन के अवसर पर एसआरएमएस सीईटी के डीन डा. प्रभाकर गुप्ता, डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डा. अनुज सक्सेना और नाट्य कार्यशाला के संयोजक अनुज गुप्ता मौजूद रहे।

रिद्धिमा में प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देते आदित्य मूर्ति • सौ. एसआरएमएस